बुधवार
12 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



सरकार ने जेपी के सर्वोदय से अंत्योदय को जोड़कर देश का किया विकास : अमित शाह 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### किडनी के इलाज के लिए सिंगापुर गए लालू

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मंगलवार की शाम सिंगापुर रवाना हो गए। अपने किडनी के इलाज के लिए वे वहां गए हैं। पत्नी राबड़ी देवी और पुत्री मीसा भारती के अलावा विधान पार्षद सुनील सिंह, सुभाष यादव व दो सेवक भी साथ गए हैं। सिंगापुर में लालू प्रसाद की एक बेटी रोहिणी आचार्या रहती हैं। लालू प्रसाद को किडनी की समस्या है। दिल्ली के एम्स के डॉक्टरों की सलाह के मुताबिक वे नियमित रूप से दवा ले रहे हैं। लेकिन सिंगापुर में किडनी की बीमारियों के इलाज का दुनिया में सबसे बेहतर इंतजाम है।

### पंचतत्व में विलीन हुआ मुलायम सिंह यादव का पार्थिव शरीर

**लखनऊ।** मुलायम सिंह यादव का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलीन हो गया है। अखिलेश यादव ने उन्हें मुखाग्नि दी। सैफई में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गज नेताओं और हजारों लोगों ने उन्हें नम आखों से विदाई दी। इस दौरान हाजरों लोगों की भीड़ मौजूद थी। सभी अपने प्यारे नेता के जाने के गम में डूबे हुए थे। नेताजी के निधन पर खास से लेकर आमजन तक ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले नेताजी का अंतिम दर्शन के लिए सैफई के मेला ग्राउंड में जनसैलाब उमड़ पड़ा था।

### पत्रकार को मारी पांच गोली, गंभीर

**पटना।** पटना के बिहटा में अपराधियों ने सोमवार की देर रात अम्हारा गांव में एक दैनिक अखबार के पत्रकार को गोलियों से भून डाला। गंभीर अवस्था में पत्रकार को इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरा खंगालने में जुट गई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि एक दैनिक अखबार के पत्रकार रवि शंकर सिंह 45 वर्ष एक जन्मदिन की पार्टी से अपने घर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इसी क्रम में पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने आईआईटी के नजदीक उन पर ताबड़तोड़ 5 गोलियां चलाई।

# भ्रष्ट एसपी: काली कमाई का खुला राज

## भ्रष्टाचार पर वार...पूर्णिया के एसपी दयाशंकर समेत आधा दर्जन थानाध्यक्षों पर विजिलेंस का छापा

**केटी न्यूज/पटना**





- पूर्णिया और पटना स्थित आठ ठिकानों पर स्पेशल विजिलेंस यूनिट और आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी
- पूर्णिया एसपी पर आय से 65% अधिक संपत्ति रखने का आरोप, एसपी ने अपनी बेनामी संपत्ति रियल इस्टेट में लगाया
- एसपी के रीडर नीरज कुमार सिंह, करीबी पुलिसकर्मी सावन कुमार,सदर थानाधक्ष संजय कुमार सिंह, श्रीनगर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार के आवास और थाना पर छापा
- लगातार कार्रवाई के बाद भी बिना रोकटोक सरकारी दफ्तरों में चल रहा रिश्वत का खेल

बिहार में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी इन दिनों विजिलेंस और आर्थिक अपराध इकाई के रडार पर हैं। पढ़े-लिखे और समझदार बनने के बाद भी पैसे की भूख के आगे ये अधिकारी इस कदर बेबस हो गए हैं कि अपने ईमान से सौदा कर अकूत संपत्ति बंटोरने में लग गए हैं। जांच एजेंसी अब तक दर्जनों अधिकारियों पर कार्रवाई कर उनकी संपत्ति अटैच कर चुकी है। ताजा मामला पूर्णिया एसपी और जिले के थानाध्यक्षों सें जुड़ा है। पूर्णिया में विजिलेंस और आर्थिक अपराध इकाई ने एक साथ पुलिस के अधिकारियों पर शिकंजा कसा है। जानकारी के अनुसार एसपी दयाशंकर के आवास के साथ-साथ पुलिस केंद्र, एसपी के रीडर नीरज कुमार सिंह , करीबी पुलिसकर्मी सावन कुमार,` सदर थानाधक्ष संजय कुमार सिंह , श्रीनगर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार के आवास और थाना पर एक साथ कुल आठ स्थानों पर स्पेशल विजिलेंस और आर्थिक अपराध इकाई की टीम छापामारी कर रही है। इस छापामारी में बीएसएएफ के करीब 50 जवान सुरक्षा में तैनात हैं। इसके अलावा 75 सदस्यों की टीम छापामारी में शामिल है। जानकारी है कि आय से 71 लाख रुपये अधिक संपत्ति के मामले में एसपी के खिलाफ यह छापामारी चल रही है। आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्णिया एसपी दयाशंकर के खिलाफ निगरानी कोर्ट में मामला दर्ज किया गया था। निगरानी कोर्ट से सर्च वारंट मिलने के बाद छापेमारी की गई है।

नकदी समेत बांकी संपत्ति की अभी कोई जानकारी नहीं मिल पायी है। साक्ष्यों की भी पुष्टि नहीं हो पा रही है। इसके पूर्व सदर और बायसी थाना में पदस्थापित दो एसआई को निगरानी विभाग की टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पूर्णिया में पहली बार किसी एसपी के आवास पर विजिलेंस का रेड हुआ है। कई पुलिस अधिकारियों के आवास पर एक साथ छापेमारी के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्णिया और पटना स्थित आठ ठिकानों पर स्पेशल विजिलेंस यूनिट और आर्थिक अपराध इकाई छापेमारी कर रही है। पूर्णिया एसपी पर आय से 65% अधिक संपत्ति रखने का आरोप लगाया गया है। पटना में एसपी के नीजी आवास पर भी रेड जारी है। दायर केस के अनुसार एसपी के पार आय से 71 लाख अधिक की संपत्ति है।

**2016 बैच के आइपीएस अफसर हैं दयाशंकर :** बिहार के पटना के रहने वाले दयाशंकर 2016 बैंच के आइपीएस अधिकारी है। पूर्णिया एसपी बनाए जाने के पूर्व वह शेखपुरा के एसपी के रूप में पदस्थापित थे तथा अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शेखपुरा में विधि व्यवस्था को दुरूस्त रखने के अलावा आम जनता से सीधे संवाद को प्रमुखता से निभाया। जानकारी के अनुसार दयाशंकर ने अपना काफी पैसा रियल स्टेट के बिजनेस में लगाया है। इसे लेकर पटना में कुछ बिल्डर्स के ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट की इस कार्रवाई से बिहार के पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। दयाशंकर 2016 बैच के आइपीएस अफसर है। जिस पर लंबे समय से भ्रष्टाचार के आरोप प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगते रहे हैं। भ्रष्ट अफसर बिहार के कई जिलों में एसपी के पद पर तैनात रहा है। वो जहां भी पदस्थापित रहे है वहां उनका कार्यकाल विवादों से भरा रहा है। स्थानीय लोगों और उनके संपर्क में आए लोगों ने सामने और पीछे से उसके भ्रष्टाचार की शिकायत की। लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलती रही थीं। जिसके बाद स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने उनके खिलाफ अपने ही थाने में केस दर्ज किया है और उसके बाद न्यायालय से सर्च वारंट मिला और आज कार्रवाई चल रही है।

### शिकंजे में आए भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी

1. 1999 में नौकरी में आए हाजीपुर के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी दीपक कुमार शर्मा के पटना, हाजीपुर व मोतिहारी में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) ने पिछले साल 11 दिसंबर को छापेमारी की। ब्यूरो के मुताबिक इस छापेमारी में एक करोड़ 76 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। ये रुपये तीन सूटकेस तथा एक ट्रॉली बैग में ठूंस-ठूंस कर रखे गए थे। इसके साथ ही टीम को 47 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों के अलावा जमीन में निवेश किए गए सात करोड़ रुपये के कागजात भी मिले। दीपक कुमार शर्मा 22 साल से नौकरी में हैं।
2. 17 दिसंबर को स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने समस्तीपुर के सब रजिस्ट्रार मणि रंजन के पटना, मुजफ्फरपुर व समस्तीपुर स्थित ठिकानों पर छापे मारे। इन छापों में 60 लाख नकद व लाखों के आभूषण बरामद हुए। इसके अतिरिक्त करोड़ों की जमीन, रियल इस्टेट में निवेश व कई बैंकों के पासबुक भी मिले। एसवीयू को इनके द्वारा मुजफ्फरपुर में करोड़ों की लागत से 21 कमरों का होटल बनवाने का भी पता चला। मणि रंजन सालाना पांच लाख रुपये एलआईसी का प्रीमियम भी भरते थे। कुल मिलाकर इनके पास आय से 165 फीसदी अधिक की संपत्ति होने का अनुमान है।
3. पटना जिले के मसौढ़ी में ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता के पद पर तैनात अजय कुमार सिंह के ठिकानों पर विजिलेंस ने छापेमारी की तो पटना के इंद्रपुरी इलाके में स्थित उनके घर से तलाशी के दौरान 95 लाख रुपये कैश मिले। अधिकारियों के मुताबिक एक किलो 295 ग्राम स्वणाभूर्षण तथा 12 किलो चांदी के जेवर व बर्तन बरामद किए गए। इसमें चांदी की तीन ईंटे भी शामिल हैं. बरामद सोने चांदी की कीमत 66 लाख से अधिक आंकी गई है। विजिलेंस की टीम को नोटों की गिनती के लिए बाहर से मशीन मंगानी पड़ी।
4. मोतिहारी जिले के एक्साइज इंस्पेक्टर अविनाश प्रकाश के ठिकानों पर छापेमारी में पत्नी के नाम से तीन फ्लैट व पिता के नाम से 20 प्लॉट के अलावा कई जगह निवेश, इंश्योरेंस व बैंकों के पासबुक मिले। इनके यहां से नोट गिनने की मशीन बरामद की गई। बिहार में संभवत: पहली बार ऐसा हुआ कि कार्रवाई के दौरान किसी लोक सेवक के घर से नोट गिनने की मशीन बरामद की गई है।
5. रोहतास के जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता के यहां तलाशी में विजिलेंस को 29 लाख कैश व 1.19 करोड़ के जेवर मिले। इसके साथ ही छह फ्लैट व रांची तथा पूर्णिया में जमीन का भी पता चला. ये चंद उदाहरण तो महज बानगी भर हैं। कार्रवाई की लिस्ट तो काफी लंबी है।
6. बालू के खेल में इस साल 13 अगस्त से 21 दिसंबर तक 12 अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई। इनमें भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी व भोजपुर के एसपी रहे राकेश कुमार दुबे एवं औरंगाबाद के एसपी रहे सुधीर कुमार पोरिका (आईपीएस) भी शामिल हैं। दुबे के पास आय से 90 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली। इसके अलावा इन अधिकारियों में खान व भूतत्व विभाग के सहायक निदेशक संजय कुमार, औरंगाबाद के पूर्व डीटीओ व दरभंगा के अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा समेत चार एसडीपीओ व दो एमवीआई हैं।
7. राज्य के खनन मंत्री के आप्त सचिव रहे मृत्युंजय कुमार के यहां एसवीयू की छापेमारी में 30 लाख की नकदी तथा 60 लाख के आभूषण एवं सोने के 40 बिस्कुट बरामद किए गए।
8. पिछले साल एक दिसंबर को वैशाली जिले के लालगंज थाना प्रभारी घनश्याम शुक्ला के ठिकानों पर छापेमारी की गई तो उनके पास आय से 98 फीसद अधिक संपत्ति होने का पता चला। सिपाही रहे बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार धीरज के ठिकाने पर ईओयू ने छापेमारी की तो उनके पास आय से 544 प्रतिशत अधिक की संपत्ति होने का पता चला।

## गायब सीआरपीएफ जवान की तलाश में जुटी बलिया जीआरपी

**केटी न्यूज/बलिया**



बीते 27 सितंबर को राजधानी एक्सप्रेस में सफर कर रहे केंद्रीय सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) के जवान के ट्रेन से गायब होना, अब जीआरपी के लिए नया सर दर्द बन गया है। जिसे लेकर सीआरपीएफ के जवान की तलाश में जीआरपी जूटी हुई है। बताया जाता है कि फिरोजाबाद जिले के गुमान कस्बा निवासी रक्षपाल सिंह का बेटा सुरेंद्र सिंह (28 वर्षीय) असम के जोनाकी नगर स्थित 142वीं केन्द्रीय सुरक्षा बल की बटालियन में तैनात था। बीते 27 सितम्बर को वो राजधानी एक्सप्रेस में जोनाकी स्टेशन से सवार हुआ था। बलिया रेलवे स्टेशन होते हुए रात डेढ़ बजे जब ट्रेन वाराणसी पहुंची, तो जवान अपनी बर्थ से गायब था। उसके साथ एक फौजी कश्मीर जा रहा था। जिसने बताया कि सुरेंद्र अपनी मोबाइल को फ्लाइट मोड में करके गेम खेल रहा था। इसी बीच फौजी की आंखें लग गयी और जब अहले सुबह 4:20 बजे उसकी आंख खुली, तो सुरेंद्र गायब मिला। लेकिन, उसकी बर्थ पर सिपाही का कम्बल वाला बैग पड़ा हुआ था। काफी देर इंतजार करने के बाद भी सुरेंद्र नहीं लौटा। जिसके बाद फौजी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दिया। जिस पर पुलिस के आला अधिकारियों ने गायब सीआरपीएफ जवान के बारे पता लगाने की जिम्मेदारी मोबाइल टावर की स्थिति के अनुसार जीआरपी थाना बलिया को सौंप दी। साथ ही, सीआरपीएफ के जवान सुरेन्द्र का तत्काल पता लगाने निर्देश दिया गया। गायब सीआरपीएफ जवान के संबंध जानकारी जुटाई गई। जिसमें पता चला कि गायब सीआरपीएफ जवान सुरेंद्र ने गोल गले की टीशर्ट और ब्लू रंग जीन्स पहन रखा था। उसका रंग सांवला बताया गया है।जिसका पता लगाने के लिए जीआरपी पुलिस जगह जगह तलाश में जुटी हुई है।

## स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का पदार्फाश

**पटना।** पटना के बोरिंग रोड में स्पा सैंटर की आड़ में देह व्यापार का पदार्फाश हुआ है। जानकारी के अनुसार बोरिंग रोड के पुष्पांजली महेश कॉम्पलेक्स में स्थित स्टाइल बार वेलनेस यूनिसेक्स स्पा सेंटर में चल रहे इस घिनौने खेल का खुलासा सोमवार की रात पुलिस ने छापेमारी कर की। एसके पुरी थाना द्वारा की गई इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने अंधेरे कमरे में बने तीन अलग-अलग केबिन में तीन लोगों को अलग-अलग महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा। पुलिस ने कंडोम, सात मोबाइल फोन, दो बार कोड स्कैनर, दो एटीएम स्वाइप मशीन व 2.50 लाख रुपये के साथ ही एक रजिस्टर भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार जिस्मफरोशी का यह पूरा काम स्पा सेंटर की आड़ में ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा था।

## जेपी का नाम लेनेवाले सत्ता के लिए कांग्रेस की गोद में जा बैठे : अमित शाह

**केटी न्यूज/पटना**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोक नायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनके पैतृक गांव सारण जिले के सिताब दियारा पहुंचे। लोकनायक की 14 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अमित शाह ने जनता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजदे सुप्रीमो लालू प्रसाद यादवे का नाम लिये बगैर उन पर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि जेपी और लोहिया जी का नाम लेनेवाले आज सत्ता के लिए कांग्रेस की गोद में जा बैठे हैं। जेपी और लोहिया के चेले 5 बार पाला बदल चुके हैं। ऐसे लोगों का मकसद बस सत्ता पाना है। उन्होंने कहा कि जेपी के स्वतंत्र क्रांति की कांग्रेस ने कभी भी सराहना नहीं की। इमरजेंसी लगाकर उन्हें जेल में डाल दिया गया। सिताबदियारा की इसी धरती पर उन्होंने जाति व भ्रष्टाचार विहीन समाज की कल्पना की पर आज उन्हीं का नाम लेने वाले कुछ लोग कांग्रेस की गोद में जा बैठे हैं। वे जेपी के सपनों को तोड़ रहे हैं। दूसरी ओर देश के पीएम नरेंद्र मोदी सर्वोदय और अंत्योदय को मिलाकर जेपी के सपनों को पूरा कर रहे हैं।

**लोकनायक ने सत्ता के लिए नहीं सिद्धांतों के लिए लड़ाई लड़ी:** वहीं, अमित शाह ने कहा कि जब 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी ने बिहार में क्रांति का बिगुल बजाया था, वह गैर-राजनीतिक आंदोलन था। सभी विचारधाराओं के छात्र लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की अगुआई में एकत्रित हुए थे। यहाँ बैठे सुशील मोदी भी उसी आंदोलन की देन हैं मगर इस आंदोलन के कई और लोग हैं जो पूरा जीवन जेपी और लोहिया जी का नाम लेते रहे लेकिन आज वे सत्ता के लिए कांग्रेस की गोद में बैठे हुए हैं।

**पढें पेज चार पर....**

# पटना में अब मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं होंगी बेहतर

- 17 को होगी जिला मिडवाइफरी एक्शन ग्रुप की बैठक
- बैठक में पटना सिटी व दानापुर स्थित स्वास्थ्य संस्थानों में एमएलसीयू बनाने पर होगी चर्चा

**केटी न्यूज/पटना**



राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी को लेकर सरकार और स्वास्थ्य विभाग सजग और तत्पर है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए लगातार कवायद की जा रही है। खासकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर हर जरूरी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के मकसद से आगामी 17 अक्टूबर को पटना जिला मिडवाइफरी एक्शन ग्रुप के गठन के लिए डीएचएस गर्दनीबाग में बैठक आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव जिला स्वास्थ्य समिति करेंगे। इस दौरान पटना सिटी गुरू गोविंद सिंह सदर अस्पताल तथा अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर में बनने वाले मिडवाइफरी लेड केयर यूनिट, एमएलसीयू की अद्यतन स्थिति पर चर्चा होगी। बैठक में जिला स्तर पर गठित टीम के सभी सदस्य भाग लेंगे।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं होंगी बेहतर :** ज्ञात हो कि नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी प्रशिक्षण के माध्यम से राज्य के तीस महिला ए ग्रेड नर्स को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया गया है। जिसका मुख्य उद्धेश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को सुदृढ़ व मुकम्मल बनाना है। नर्स प्रैक्टिशनर मिडवाइफरी (एनपीएम) प्रशिक्षण के बाद ये सभी प्रशिक्षित ए ग्रेड नर्सेज बिना जटिलता वाले प्रसव का बेहतर प्रबंधन एवं जटिल प्रसव को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर करने में सक्षम होंगी। इसलावा प्रसव पूर्व देखभल और प्रसव पश्चात देखभाल सहित परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने में अपनी मुख्य भूमिका निभाएंगी। प्रशिक्षण के पश्चात सभी एनपीएम प्रशिक्षित स्टाफ नर्स ग्रेड ए की सेवाएं मिडवाइफरी लेड केयर यूनिट (एमएलसीयू) में ली जा सकती है।

**जिला सिविल सर्जन ने जारी किया पत्र :** इस बाबत सिविल सर्जन सह जिला स्वास्थ्य समिति के सचिव डॉ. केके राय ने एक पत्र जारी किया है। इस पत्र में जिला मिडवाइफरी एक्शन ग्रुप के गठन के लिए बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया गया है। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुरू गोविंद सिंह सदर अस्पताल के अधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल दानापुर के उपाधीक्षक, नर्सिंग कालेज आईजीआईएमएम के प्राचार्य व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी शामिल हैं।

## संविधान व लोकतंत्र की रक्षा कांग्रेस ही कर सकती है: खड़गे

**केटी न्यूज/पटना**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधियों से वोट मांगने बिहार आए सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पार्टी के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक के बाद सदाकत आश्रम में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र मजबूत है। इसलिए हम अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे हैं। वरना, देश में भाजपा भी एक पार्टी है जहां दो आदमी ही मुख्यमंत्री और अध्यक्ष का चुनाव करते हैं। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि संविधान व लोकतंत्र की रक्षा कांग्रेस ही कर सकती है। उदयपुर चिंतन शिविर में गठित विशेषज्ञ समिति ने जो सिफारिश की है, उसे लागू करूंगा। सरकार बनी तो 50 साल से कम उम्र वालों के लिए विधायिका में आधी सीट आरक्षित करूंगा। संगठन की कमियों को दूर करने की कोशिश करूंगा। बिहार सहित देश के सभी राज्यों में अलग-अलग सांगठनिक समस्याएं हैं। सामूहिक नेतृत्व के साथ सबको लेकर उन समस्याओं को दूर किया जाएगा। गांधी परिवार से कांग्रेस के संचालित होने के सवाल पर कहा कि देश के लिए उस परिवार ने बलिदान दिया है। 20 साल सोनिया गांधी और दो साल राहुल गांधी अध्यक्ष रहे हैं।

केशव टाइम्स
शाहाबाद, 12 अक्टूबर 2022



## शहर छोटी खबरें

### आहर में डूबने से युवती की मौत

**अरवल।** मंगलवार की सुबह नहर में डूबने से एक 22 वर्षीय युवती की मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामपुर चौरम थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी देवाशीष सिंह के पुत्री सिंधु कुमारी घास लेने गई हुई थी। उसी दौरान घास लाने के क्रम में पैर फिसल गया। जिसके कारण नहर में गिर गई। जिससे डूबने से हो गई उसकी मौत हो गई। जैसे ही इसकी सूचना घर वालों को मिली। नहर पर पहुंचे शव को खोजबीन कर नहर से शव को निकाला गया। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर रामपुर चौरम थाना के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अंत परीक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### पुलिस ने एस ड्राइव चला 8 लोगों को किया गिरफ्तार

**अरवल।** अरवल पुलिस अधीक्षक हिमांशु शंकर त्रिवेदी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानाध्यक्ष के द्वारा 8 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुर्था थाना अध्यक्ष के द्वारा 6 मेहेनदिया थाना अध्यक्ष के द्वारा 1 एवं अरवल थाना अध्यक्ष के द्वारा 1 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। सभी गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया है।एसपी ने कहा कि सभी थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि अपने क्षेत्र में चौकसी बरते और फरार अभियुक्त को अभियान चलाकर गिरफ्तार करें।

### मां के हत्यारे बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रोहतास।** पुलिस ने मां की हत्या के मामले में पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। नटवार थाना पुलिस ने आरोपी करहंसी गांव से गिरफ्तार कर लिया। नटवार थानाध्यक्ष विपिन बिहारी ने बताया कि दो अक्टूबर को पुलिस ने करहंसी गांव से एक महिला का शव बरामद की थी। जिसकी पहचान गांव के ही स्व रामाकांत राय की पत्नी शांति कुंवर के रूप में हुई थी। मृतका की पुत्री करहगर थाना क्षेत्र की कौवाखोंच गांव के गुड्डू सिंह की पत्नी तारा देवी ने अपने सगे भाई संतोष राय पर हत्या कर शव को छुपाने की नीयत से आहर में फेंकने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापामारी के दौरान आरोपित संतोष को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।

# कोरोना के कारण लोगों का मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ा बुरा प्रभाव, मेडिटेशन को अपनाएं

- सदर अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का हुआ आयोजन
- लोगों को मानसिक परेशानियों से दूर रहने के दिए गए टिप्स

**केटी न्यूज/आरा**


कार्यक्रम में शामिल स्वास्थ्य समिति के अधिकारी व अन्य

जिले के सदर अस्पताल में बीते दिन उत्साह के साथ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल ओपीडी परिसर में एक शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिले के सिविल सर्जन डॉ. राम प्रीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. अरूण कुमार, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, आरा, अश्विनी सिन्हा, जिला लेखा प्रबंधक, प्रेम रंजन मोदी डीपीसी के साथ साथ अन्य चिकित्सक स्वास्थ्य कर्मचारी गण मौजूद थे। कार्यक्रम के शुरुआती दौर से लेकर समापन तक डॉ. प्रवीण कुमार सिन्हा, जिला एनसीडी पदाधिकारी ने मरीजों को चेकअप के साथ साथ लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के कारण, लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरा संसार विगत दो-तीन वर्षों से कोरोना के प्रकोप से ग्रसित रहा। जिसके वजह से लोगों का मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा। इस लिए इस साल मेंटल हेल्थ के मनाने की जरूरत और भी ज्यादा बढ़ गई है। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मेंटल हेल्थ के द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पहली बार 1992 में शुरूआत की और हर वर्ष मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित एक थीम/ नारा दिया करती है। इस वर्ष की थीम

'मेक मेंटल हेल्थ एंड वेलबिइंग फार ऑल -ए ग्लोबल प्रायोरिटी' है। वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे हर साल पूरे विश्व में 10 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयास करना है और लोगों से री-कनेक्ट करना है। डॉ. प्रवीण ने सोलह सवालों को लोगों के समक्ष रखा और कहा कि स्वयं विश्लेषण करें और अगर आपका जवाब हां है तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं और भविष्य में मानसिक रोग से ग्रसित होने की संभावना ज्यादा है। साधारण बोलचाल की भाषा में मानसिक रोग में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मानसिक शांति कायम रखने पर जोर दिया और इसके लिए मेडिटेशन, आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर होने की सलाह दी। लोगों को मनमुटाव, गाली गलौज, लड़ाई झगड़ा से बचने की सलाह दी। अपने अहंकार, काम - क्रोध , लोभ - मोह आदि को कम करने की सलाह दी। उन्होंने एक अंग्रेजी कहावत कही, 'प्रत्येक व्यक्ति को, दूसरे व्यक्ति के लिए ईश्वर ने किसी प्रयोजन के लिए भेजा है। जिसको समझना चाहिए और उनसे बुरा वर्ताव नहीं करनी चाहिए'। उन्होंने बताया कि दूसरों की बुराई सोचने या करने से उसका तो कोई नुक्सान नहीं होने वाला है, बल्कि नुकसान आपका खुद का होगा। अगर मानसिक रोग हो गया तो पूरी जिंदगी पागलखाने में व्यतीत हो जायेगा।

# डीएम ने बैठक से गायब नासरीगंज सीओ को किया शो-कॉज, समय पर नहीं दिया जवाब तो कार्रवाई तय

## रोहतास में आवास योजना के लाभुकों को लेकर फैसला, 15 दिन के अंदर भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश

**केटी न्यूज/सासाराम**


बैठक में शामिल डीएम व अन्य

जिले के जिला मुख्यालय में डीएम धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में मंगलवार को आयोजित बैठक में डीडीसी, निदेशक, डीआरडीए, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं राजस्व अधिकारी द्वारा भाग लिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण, जल-जीवन-हरियाली अभियान, एलएसबीए योजना के कार्यान्वयन एवं विशेषकर भूमि संबंधी मामले की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में अंचलाधिकारी, नासरीगंज बिना सूचना के अनुपस्थित थे। डीएम ने उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निदेश दिया गया। समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में स्वीकृति हेतु लंबित भूमिहीन लाभुकों हेतु भूमि का बंदोबस्ती 15 दिनों के अंदर करना सुनिश्चत करेंगे।

**प्रत्येक सोमवार को होगी प्रखंडों में समन्वय की बैठक :** वहीं, जिलाधिकारी ने यह निर्देश दिया है कि प्रत्येक सोमवार को प्रखंड स्तर पर एक समन्वय बैठक का आयोजन किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि इसका दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय एवं प्रखंड स्तरीय कठिनाईयों का उक्त बैठक में ही समाधान किया जाय। इसी प्रकार वर्ष 2016-17 से 19-20 अन्तर्गत 22 लाभार्थियों पर्चा वितरण एवं 417 लाभुकों दखल कब्जा या माथी लंबित है तथा 85 आवास पारिवारिक विवाद के कारण लंबित है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर उक्त मामले को 15 दिनों के अंदर निष्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे।

### पंचायतों में भेजे गए राजस्व कर्मचारी

**सासाराम।** अंचल के 21 पंचायत व एक नगर पंचायत में चार ही राजस्व कर्मचारी थे। वर्तमान में अंचल में 11 नए राजस्व कर्मचारियों की तैनाती की गई है। सीओ आदित्य कुमार ने बताया कि अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों को दो-दो पंचायत आवंटित किये गये हैं। संतोष कुमार मिश्रा को दिनारा नगर पंचायत व चिल्हरूआ पंचायत, संजय कुमार को तेनुअज व राजपुर पंचायत, हरिहर प्रसाद को लिलवंछ व हरिवंशपुर पंचायत, विनोद कुमार सैसड़ व भूई, कमलेश कुमार सरांव व बलिया, निरंजन कुमार जमरोढ़ व भानपुर, दीपू कुमार करहंसी व अरंग, धर्मवीर कुमार को अकोढ़ा व समहुति, उपेन्द्र कुमार को भड़सरा व गुनसेज, शंकर कुमार को मेदनीपुर व बिसिकला तथा शिवम पासवान को महरोड़ व करंज पंचायत आवंटित किया गया है।

## एक नजर

### थर्मल पावर के लिए बढ़ी मुश्किल, किसान बोले हमारी जमीन का उचित मूल्य दे प्रशासन



**बक्सर।** जिले में 1320 मेगा वाट थर्मल पावर के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कार्य वाटर पाइप लाइन और रेल कॉरिडोर के लिए जमीन अधिग्रहण करना जरूरी है। जिसकी मुश्किलें दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। किसान के धरने की सूचना पर जमीन के सीमांकन के लिए अधिकारी पहुंचे हुए थे। हालांकि किसान भी अपनी मांग पर अड़े हुए है। किसानों का कहना है कि प्रशासन पहले हमारी जमीन का उचित मुवाअजा दिलाए। क्षेत्र के विकास के लिए जिस प्रकार हम सभी लोगों ने अपनी सारी जमीन खुशी से दे दी है, उसी यह शेष जमीन भी दे देंगे। किसान इस बार भूमि मामलों के अधिवक्ता को अपने साथ लेकर बैठे हुए थे। ताकि, कोई अधिकारी किसान को बरगला न सकें। बता दें कि थर्मल पावर निर्माण के लिए रेल कॉरिडोर और वाटर पाइप लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। 17 अक्टूबर से किसानों को मुवावजे के लिए मोहनपुरवा, बेचनपुरवा, बघेलवा, अखौरीपुर, माधोपुर, महादेवा, धर्मागतपुर, न्यायीपुर, चौसा, खेमराजपुर, कठघरवा, हुसैनपुर, महुआरी एवं सलारपुर में रेल कोरिडोर परियोजना के लिए कैम्प अंचल कार्यालय चौसा में लगाने की तैयारी की जा रही है। लेकिन उचित मुवावजा नहीं मिलता है, तो किसान कैंप का भी बहिष्कार करेंगे।

### सोनडीला में नदी से शव बरामद

**रोहतास।** पुलिस ने नौहट्टा थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम बरामद हुआ। युवक की पहचान बलियारी निवासी सुरेश चौधरी उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई। थुम्हा स्थित सोन नदी से बरामद की है। शव पानी से खराब हो चुका था। बताया जाता है कि तीन दिन पहले सुरेश घर से निकला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिनाख्त होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### करंट प्रवाहित तार गिरने से किसान की मौत

**रोहतास।** मंगलवार को कोचस के सारोसेर गांव में बिजली का तार टूट कर किसान के उपर गिरने से किसान की मौत हो गई। मृतक सारोसेर निवासी 65 बर्षीय मुद्रिका चौधरी हैं। परिवारिक लोगों के अनुसार गांव के ही बगल में सब्जी के खर पतवार के साफ सफाई करने के लिए बधार में जा रहे थे। इसी क्रम में बांस बल्ले के सहारे टंगा तार टूटकर उनके ऊपर गिर पड़ा। जिससे वे उसके चपेट में आ गये। आस-पास के किसानों ने देखा फौरन ट्रांसफार्मर से लाइन काटकर उनको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस ले गए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं इस घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है।

### आपसी विवाद में चली गोली, एक जख्मी

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के कंडेसरी गांव में मंगलवार को दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के सुरेश पासवान को गंभीर चोटे आई है। जख्मी ने बताया है कि उसके हाथ में गोली लगी है। नावानगर सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया गया है। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर एफआईआर दर्ज कराते हुए कुल आठ लोगों को नामजद किया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। इस घटना के बाद लोगों में डर का माहौल है। उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि कहीं दुबारा ऐसी घटना न हो जाए।

## नटवार में 80 हजार रुपये के आरक्षित टिकट के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**केटी न्यूज/सासाराम**



रेलवे बोर्ड के वरीय अधिकारी के निर्देश पर आरपीएफ सासाराम के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में आरपीएफ व अपराध आसूचना शाखा व आरपीएफ डीडीयू ने संयुक्त रूप से दिनारा प्रखंड के नटवार बाजार में रेलवे टिकटों के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध छापेमारी की। जिसमें तीन अवैध कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से टिकट काटने वाले सामान बरामद किये गए। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने बताया कि गिरफ्तार टिकट विक्रेताओं में दीपक कुमार, रमेश व रोहित कुमार तीनों नटवार के बताये गए हैं। उनके द्वारा व्यक्तिगत यूजर आईडी पर टिकट बनाकर लाभ लेकर टिकट बेचा जा रहा था। उन्हें 80 हजार रुपये के आरक्षित टिकट व व्यक्तिगत यूजर आईडी के साथ पकड़ा गया। इस कार्य में प्रयुक्त होने वाले लैपटॉप, प्रिंटर, मोबाइल आदि को भी जब्त किया गया। इनके विरुद्ध सासाराम आरपीएफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा गया। पकड़े गए तीनों लोगों के पास मिली सामग्री से उनकी हिस्ट्री खंघाली जा रही है। ताकि, इस धंधे में अभियान में उप निरीक्षक डीएस राणावत, एएसआई दिनेश्वर राम, जेके चौधरी, प्रधान आरक्षी जीएन राय, आरक्षी आरआर कुमार, जयवीर, साइबर एक्सपर्ट सोनू गुप्ता, अपराध आसूचना शाखा के सतीश व अवधेश आदि थे।

## रणक्षेत्र बना मठिला बाजार, चटकी लाठियां, तीन जख्मी

- छेड़खानी का केस दर्ज कराने पर दबंगो ने दिया है घटना को अंजाम

**केटी न्यूज/डुमरांव**


बाजार में लाठी से पीटते लोग।

मंगलवार की शाम कोरानसराय थाना क्षेत्र का मठिला गांव रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था। हाथों में लाठियां व डंडे लिए करीब दर्जन भर लोग एक परिवार की बेरहमी से पिटाई कर रहे थे। उनका कसूर बस इतना था कि करीब एक महीना पहले परिवार की एक लड़की के साथ आरोपी पक्ष के लड़के ने छेड़खानी की थी। जिस पर पीड़ित पक्ष ने एफआईआर दर्ज कराया था। इसी से खार खाए दबंगो ने मंगलवार की शाम इस घटना को अंजाम दिया है। मारपीट के दौरान करीब घंटा भर मठिला बाजार में अफरा तफरी मची रही। फुटपाथी दुकानदार अपनी अपनी दुकान छोड़ भाग खड़े हुए थे तो स्थायी दुकानदार भी शटर बंद करने को मजबूर हो गए थे। हालांकि बाद में ग्रामीणों ने बीच बचाव कर पीड़ितों की जान बचाई। जख्मियों में महेन्द्र यादव, उसकी पत्नी तथा बेटी शामिल है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो छेड़खानी मामले में बीर बहादुर यादव को आरोपी बनाया गया था। इसी के प्रतिशोध में रामाकिशुन यादव, बीरबहादूर यादव, केदारनाथ यादव, श्रीभगवान यादव, मेघू यादव, तेगा यादव आदि ने मिलकर घटना को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद मठिला में गुटीय तनाव चरम पर है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष किसी तरह जान बचा थाना पहुंचने में सफल रहा था। हालांकि संवाद संप्रेषण तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। कोरानसराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है।

## दुकान में करंट लगने से कैफे संचालक की मौत, मचा कोहराम

### शाहपुर के करनामेपुर बाजार पर खाना लेकर पहुंचे परिजन, तो मृत मिला कैफे संचालक

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के शाहपुर प्रखंड के करनामेपुर बाजार में मंगलवार की सुबह करंट की चपेट में आने से साइबर कैफे संचालक की मौत हो गयी। मृत साइबर कैफे संचालक करनामेपुर ओपी क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव निवासी सुरेंद्र ठाकुर का पुत्र मनोज कुमार ठाकुर (36 वर्षीय) था। घटना को लेकर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। संचालक के बड़े भाई संजय कुमार ठाकुर ने बताया कि वह करनामेपुर बाजार स्थित मार्केट में कैफे चलाता था। मंगलवार की सुबह में वह साइबर कैफे में काम कर रहा था। बाद में वह लोग खाना लेकर कैफे गये, तो देखा कि वह मृत अवस्था में टेबल फैन से चिपका पड़ा है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि वह कैफे में लटक रहे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया होगा। उससे वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि साइबर कैफे संचालक तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसके परिवार मां तिलारो देवी, पत्नी रिंकू देवी, पुत्री नंदिनी, लक्ष्मी, मीरा, पुत्र सूरज और छोटक है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां तिलारो देवी, और पत्नी रिंकू देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में जिला यक्ष्मा केंद्र ने तेज की कार्यवाही

# उदवंतनगर प्रखंड के सोनपुरा से शुरू होगा टीबी मुक्त पंचायत अभियान

- लोगों को जागरूक करने के लिए पंचायत स्तर पर टीबी पेशेंट सपोर्ट ग्रुप का होगा गठन

**केटी न्यूज/आरा**




राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अब भोजपुर जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में जिला यक्ष्मा केंद्र ने पहल शुरू कर दी है। जिसके तहत जिले के पंचायतों को चिह्नित करते हुए उनको टीबी मुक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। टीबी हारेगा, देश जीतेगा के अभियान के तहत चयनित गांवों के जनप्रतिनिधियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स से मिलकर जिला यक्ष्मा केंद्र के अधिकारी व कर्मी माइक्रो प्लान तैयार करेंगे। जिसके तहत पहले चरण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पदाधिकारियों, पंचायत के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों मसलन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि के चिकित्सा अधिकारी व सीएचओ, पंचायत के जन प्रतिनिधि व फ्रंट लाइन वर्कर्स के साथ अभियान की रूपरेखा तैयार की जाएगी। जिसके बाद माइक्रो प्लान बनाकर अभियान को सफल बनाने की कार्यवाही की जाएगी। वहीं, अभियान के दूसरे चरण में फ्रंटलाइन वर्कर्स पंचायतों में डोर-टू-डोर जाकर सर्वे करेंगे। जिसमें टीबी के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित किया जाएगा। उसके बाद स्पूटम कलेक्ट कर उसे जांच के लिए जिला यक्ष्मा केंद्र लाया जाएगा। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उनका नोटिफिकेशन कर इलाज शुरू किया जाएगा। साथ ही, उनके परिवार के एक-एक सदस्य की जांच की जाएगी। ताकि, टीबी संक्रमण की संभावना की जांच की जा सके।

**सोनपुरा पंचायत से शुरू किया जाएगा अभियान :** जिला यक्ष्मा उन्मूलन पदाधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया, सरकार के निर्देश पर जिला यक्ष्मा केंद्र 2025 तक जिले को टीबी मुक्त बनाने की ओर अग्रसर है। इसके लिए जिले में अभियान के तहत सबसे पहले एक पंचायत में यह अभियान चलाया जाएगा। ताकि, अभियान के दौरान आने वाली बाधाओं की पहचान हो सके। उसके बाद सभी प्रखंडों में एक-एक पंचायत का चयन किया जाएगा। टीबी मुक्त पंचायत अभियान के लिए उदवंतनगर प्रखंड के सोनपुरा पंचायत का चयन किया गया है। इसके लिए उदवंतनगर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सोनपुरा पंचायत की रिपोर्ट मांगी गई है। ताकि, जिला स्तर से रूपरेखा तैयार की जा सके। अभियान के सफल संचालन के बाद जिले के शेष प्रखंडों में एक-एक पंचायतों का चयन कर उक्त अभियान चलाया जाएगा। जिसके बाद इसी प्रकार से जिले के सभी प्रखंड में पंचायतवार अभियान चलाकर उसे टीबी मुक्त करने का काम किया जाएगा।

**जनप्रतिनिधि के सहयोग से लोगों को किया जाएगा जागरूक :** डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया, जिलास्तर की तरह प्रखंडों व पंचायतों में भी टीबी फोरम टास्क फोर्स और टीबी पेशेंट सपोर्ट ग्रुप का गठन किया जाएगा। साथ ही, टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा। जिससे स्थानीय लोग उनकी बातों से प्रेरित होकर टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में अपना सहयोग दें। उन्होंने बताया कि इस क्रम में पंचायत स्तर के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स या स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर पर भी एक यूनिट का गठन किया जाएगा। जिसमें टीबी चैंपियंस, उप सरपंच, पंचायत सचिव, चिकित्सा अधिकारी, सीएचओ, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, सरकारी शिक्षक, धार्मिक ग्रुप एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को शामिल किया जाएगा। जो लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करेंगे।

## जिले छोटी खबरें

### गुमटी में मिलावटी पेट्रोल-डीजल की धड़ल्ले से बिक्री

**बक्सर।** बाइक चलाते यदि आपकी बाइक का पेट्रोल समाप्त हो गया है, तो पेट्रोल पंप तक जाने की जहमत नहीं झेलनी पड़ेगी। इलाके के चाय-पान की दुकानों पर अब ज्वलनशील पदार्थ की श्रेणी में शामिल पेट्रोल की धड़ल्लें से बिक्री हो रही है। गुमटी तथा सड़क के किनारे बैठ छोटी-मोटी दुकान चलाने वालों के द्वारा इन दिनों चाय,नाश्ता, पान के साथ ही पेट्रोल की बिक्री भी की जा रही है। इन दुकानदारों द्वारा पेट्रोल पंपों से पेट्रोल की खरीददारी कर उन्हें छोटे-छोटे बोतलों में भर कर रखा जाता है। मुनाफा अधिक कमाने के लिए पेट्रोल में मिलावट भी किया जाता है। रास्ते में अचानक पेट्रोल खत्म हो जाने की मजबूरी में बाईक सवारों को इन दुकानदारों से पेट्रोल खरीदने की मजबूरी का बखूबी फायदा उठा पेट्रोल के इन खुदरा बिक्रेताओं के द्वारा अधिक मूल्य लेकर भी मिलावटी पेट्रोल दिया जता है। जिससे इन्हें आर्थिक नुकसान के साथ ही बाईक के इंजन के चौपट होने का खतरा भी मोल लेना पड़ रहा है। अनुमंडल के हर चौक चौराहों पर पेट्रोल की अवैध ढंग से बिक्री की जा रही है। सड़क किनारे बोतलों में बिक रहे पेट्रोल जैसे ज्वलनशील पदार्थ का रख रखाव भी उचित नहीं है। इस बिक्री को होते देख प्रशासन के अधिकारी भी आंख मूद लेते है। जिससे बाईक सवारों को आर्थिक नुकसान के साथ ही पेट्रोल से आगलगी की घटना के होने का खतरा भी बना रहता है। प्रशासन की उदासीनता से मानकों के विपरित हो रही पेट्रोल की बिक्री पर लगाम नहीं लग पा रहा है।

### अजीत के बाद अनौपचारिक अनुदेशकों ने सरकार से की समायोजन की मांग

**डुमरांव।** जिले के अनौपचारिक तथा विशेष शिक्षा के अनुदेशकों की एक आवश्यक बैठक बक्सर स्थित कवलदह पोखरा पर हुई। बैठक की अध्यक्षता अनौपचारिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र मिश्र ने की। बैठक में सरकार द्वारा पटना उच्च न्यायालय में दायर रिव्यू खारिज होने पर अनुदेशकों ने खुशी का इजहार किया। जीत के बाद की स्थिति पर चर्चा की गई। अध्यक्ष हरेंद्र मिश्र ने कहा कि सरकार अनौपचारिक एवं विशेष शिक्षा से जुड़े अनुदेशक के भविष्य का सुनहला अध्याय अब शुरू हो गया है। जल्द ही, सरकार समायोजन कर नियुक्ति पत्र थमएगी। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने वर्ष 2017 के फैसले को बरकरार रखते हुए सरकार के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया।

# 25 अक्टूबर को साल का सबसे बड़ा सूर्यग्रहण, दिवाली की रात से ही लग रहा सूतक

**केटी न्यूज/बक्सर**

सूर्य ग्रहण 25 अक्टूबर को मंगलवार के दिन तुला राशि में लगने जा रहा है। यह भारत में दिखने वाला पहला सूर्यग्रहण होगा। इसका प्रारंभ दोपहर 2 बजकर 29 मिनट से हो रहा है। यह सूर्यग्रहण 4 घंटे 3 मिनट तक रहेगा। 2019, 2020 के बाद यह बड़ा सूर्यग्रहण भारत में दिखेगा। अबकी बार लगने वाला सूर्यग्रहण भी काफी प्रभावशाली माना जा रहा है। यह सूर्य ग्रहण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका सूतक दिवाली की रात से ही


सूर्य ग्रहण फाइल फोटो।

लग रहा है। सूर्य ग्रहण का प्रारंभ दोपहर में 2 बजकर 29 मिनट। सूर्य ग्रहण का मध्य काल शाम 4 बजकर 30 मिनट। ग्रहण समाप्त शाम को 6 बजकर 32 मिनट पर।

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, सूर्यग्रहण के तुरंत बाद लोगों को स्नान करने के बाद जप और पूजा पाठ करना चाहिए। इसके अलावा कार्तिक मास की अमावस्या को सूर्य ग्रहण घटित होने से इस दिन तीर्थ स्नान, दान करने का विशेष महत्व होगा। शास्त्रों में बताया


आचार्य ज्योतिषाचार्य नरोत्तम द्विवेदी

गया है कि इस तरह की गतिविधियों के बाद मनुष्य का शरीर अपवित्र हो जाता है। इसलिए स्नान जरूरी है। दरअसल, धार्मिक मान्यताएं कहती है कि सूर्यग्रहण राहु और केतु के कारण लगता है। इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है।

**बक्सर में 04:42 से 05:18 तक दिखेगा सूर्यग्रहण :** इस संबंध में ज्योतिषाचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने बताया कि 25 अक्टूबर को भौमवती अमावस्या है। इसकी तिथि भोग 04:35 सायंकाल तक है। स्वाति नक्षत्र और तुला राशि पर ग्रस्तास्त खण्ड सूर्यग्रहण सायंकाल 04:42 स्पर्श, ग्रहण मध्य 05:14, मोक्ष 05:22 सूर्यास्त। कुल ग्रहण अवधि 40 मिनट। स्वाति नक्षत्र तुला राशि वालों को यह ग्रहण नहीं देखना चाहिये। उन्होंने बताया कि बक्सर में 04:42 से 05:18 तक सूर्यग्रहण दिखेगा। सूर्यास्त समय होने से ग्रहण खुली आंख से भी दीखेगा। उन्होंने बताया कि ग्रहण के दिन सूर्य दिवाली की रात देवी लक्ष्मी की आराधना और मंत्र जप करना शुभ फलदायी रहेगा। दिवाली की रात सूतक लग जाने के बाद से मंदिर के दरवाजे बंद हो जाएंगे और ग्रहण संबंधी नियमों का पालन, देवी-देवताओं का स्पर्श 24 तारीख की रात से अगले दिन शाम तक नहीं किया जाएगा।

### राशिनुसार फल

मेष-स्त्री पीड़ा
वृष-सुख वृद्धि
मिथुन-चिन्ता, व्याकुलता
कर्क-व्यथा, निराशा
सिंह-श्री प्राप्ति,धनलाभ
कन्या-हानि, क्षति भय
तुला-घात,शत्रुभय
वृश्चिक-धन हानि
धनु-लाभ
मकर-सुख वृद्धि
कुंभ-मान हानि
मीन-मृत्यु तुल्य कष्ट,अरिष्ट भय

# नगपुरा में जुआ खेलते 8 लोग गिरफ्तार 62 हजार रुपये बरामद, संचालक फरार

## सिमरी इलाके के कई गांवों में संचालित हो रहे हैं जुए के अड्डे

- बलिहार का चंद्रेश्वरी सिंह करता है संचालन

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जुआ का खेल परवान पर है। स्थानीय पुलिस ने सोमवार की रात थाना क्षेत्र के नगपुरा गांव के एक अड्डे पर अचानक छापेमारी कर आठ जुआड़ियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 62 हजार 10 रुपये नकद तथा ताश का एक पत्ता बरामद हुआ है। जबकि इस जुए के अड्डे का संचालक अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ फरार हो गया है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार जुआड़ियों में मो मुख्तार, प्रदीप कुमार, सुभाष उर्फ सुरेश गोप, उतम सिंह, प्रमोद यादव, शैलेश कुमार



सिंह, सिद्धनाथ चौधरी, परविंदर सिंह उर्फ करिया सिंह शामिल है। पुलिस सूत्रों की मानें तो इस अड्डे का संचालन बलिहार के चंद्रेश्वरी सिंह अपने सहयोगियों चंद्रदेव यादव, मनोज यादव व झोटइल यादव के साथ मिलकर करता है। गिरफ्तार जुआड़ियों के स्वीकारोक्ति के बाद पुलिस उन चारों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि नगपुरा गांव में जुआ का अड्डा संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सूचना की पुष्टि होने के बाद वहा छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान जुआ खेलते आठ जुआड़ी गिरफ्तार किए गए है जबकि चार लोग फरार हो गए है। उनकी गिरफ्तारी का प्रयास भी किया जा रहा है।

### जुए के अड्डे से रची जा रही चोरी-छिनैती की साजिश

सूत्रों की मानें तो सिमरी थाना क्षेत्र सहित दियारा इलाके के गांवों में इन दिनों जुआ का खेल परवान पर है। जानकारों का कहना है कि इसके कारण कई घर उजड़ चुके है। युवा पीढ़ी भी बरबाद हो रही है। जबकि संचालक मालामाल हो रहे है। सूत्रों की मानें तो ग्रामीण इलाकों में होने वाली छोटी मोटी चोरियों की साजिश भी इन जुओं के अड्डों पर रची जाती है। दांव हारने के बाद उसकी भारपाई करने के लिए युवा पीढ़ी के कई तरह की आपराधिक प्रवृति में भी शामिल होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जानकारों की मानें तो क्षेत्र के खरहाटांड़, बड़का राजपुर, काजीपुर, सहियार, मझवारी का पशु मेला क्षेत्र सहित कई अन्य गांवों में बड़े पैमाने पर जुए के अड्डे संचालित हो रहे है। जहा हर दिन हजारों के दाव लगते है तथा कई घर उजड़ रहे है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो दीपावली तक जुआ अपने परवान पर रहता है। वही पुलिस की सुस्ती से जुआड़ियों तथा संचालकों के मनोबल बढ़े हुए हैं।

### जुआड़ियों के खिलाफ चलेगा अभियान

थानाध्यक्ष सुनील निर्झर ने बताया कि क्षेत्र के कई गांवों में जुआ के अड्डा संचालित होने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि पुलिस इसके लिए विशेष अभियान चलाएगी। जल्द इसके लिए पुलिस टीम का गठन किया जाएगा।

# भला ऐसे कैसे होगा डेंगू से बचाव, नाली के बदले सड़क पर हो रहा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव

- डेंगू से बचाव के बदले खानापूर्ति कर रहा है डुमरांव नप

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डेंगू के बढ़ते प्रभाव से राज्यभर में अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ विभाग तथा प्रशासन को इससे निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। जलजमाव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहा ब्लीचिंग पाउडर तथा अन्य मच्छररोधी दवाओं के छिड़काव का निर्देश दिया गया है। लेकिन डुमरांव नगर परिषद इस निर्देश के पालन के बजाय खानुपूर्ति करने में लगा है। जिसके गंभीर परिणाम शहरवासियों को भुगतना पड़ सकता है। बता दें कि मंगलवार को नगर परिषद द्वारा डेंगू से बचाव के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा था। लेकिन छिड़काव में लगे मजदूर नाली के बदले सड़कों पर ब्लीचिंग पाउडर डाल रहे थे। जिसे देख शहरवासी ताज्जूब हो रहे थे। कई शहरवासियों




ने इसका विरोध कर नाली में पाउडर डालने को कहा गया, लेकिन नप के मजदूरों पर लोगों की बातों का कुछ असर नहीं हुआ। बल्कि वे कुछ चिन्हित सड़कों के किनारे ब्लीचिंग पाउडर छिड़कने की खानापूर्ति कर चलते बने। जबकि शहर के रिहायशी कॉलोनियों तक सफाई कर्मी पहुंच भी नहीं सके थे। बता दें कि डुमरांव के सभी बाहरी हिस्सें में कूड़े कचरे का अंबार लगा हुआ है जबकि कई जगहों पर सालों से जलजमाव है। जिस कारण मच्छड़ो की तादात तेजी से बढ़ी है। ऐसे में डेंगू व मलेरिया का खतरा बना हुआ है। लेकिन नगर परिषद द्वारा बचाव के बदले सिर्फ खानापूर्ति किए जाने से कई सवाल खड़े हो रहे है। लोगों के मन में यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि नगर परिषद प्रशासन का यही रवैया रहा तो डेंगू से बचाव कैसे होगा। यह सवाल तथा राज्य के कई हिस्सों की हालिया स्थिति शहरवासियों को डरा भी रही है।

# दुगोला रामायण में ब्यास अरविंद व बूढ़ा ब्यास के बीच जोरदार मुकाबला

**केटी न्यूज/नावानगर**

दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में सोमवार की रात स्थानीय प्रखंड के सोनवर्षा खेल मैदान में दुगोला रामायण गायन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्यास अरविंद अभियंता एवं बूढ़ा ब्यास के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। दुगोला रामायण गायन मुकाबला, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नृत्य का श्रोताओं ने पूरी रात लुप्त उठाया। वहीं, नृत्यांगनाएं रानी एवं गुड़िया के नृत्य देखकर लोग झूमने पर मजबूर हो गए। श्रीश्री मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन द एमिटी स्कूल के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश एवं मां विंध्यवासिनी इमरजेंसी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस दौरान अमरेन्द्र राजेश ने कहा कि लोक गायन हमारी सांस्कृतिक व सभ्यता की पहचान है। इस तरह के कार्यक्रम समाज के सभी लोगों को जोड़ने का काम करता है। इसके बाद पूजा समिति के सदस्यों ने सभी आगंतुकों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। तत्पश्चात दोनों ब्यास के बीच रामायण गायन का शानदार


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों ब्यासों ने पहले सरस्वती वंदना का गायन किया। इसके बाद अपने गायन शैली से मां दुर्गा के अवतार एवं महिषासुर वध प्रसंग से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। पूजा समिति के सदस्यों ने गायन के लिए एक पक्ष को 45 मिनट का समय निर्धारित किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमेश चौधरी एवं संचालन मनीष ओझा ने किया। मौके पर कलामुद्दीन अंसारी उर्फ बकत मियां, सुनील सिंह, मृत्युंजय ओझा, संतोष वर्मा, रामजी साह, बीडीसी अजय गुप्ता, एकलाख अंसारी, मंटू पटेल, मनीष सिंह, रवि पाण्डेय, बीरबहादूर आजाद, रंजीत राजा, शुभम कुमार, राजेश पटेल समेत अन्य थे।

## एक नजर

### तिलक राय हाता पुलिस ने कट्टा के साथ शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, पिता व अन्य फरार


बरामद कट्टा

**सिमरी।** दियारा क्षेत्र में सक्रिय शराब तस्कर लोगों में अपना खौफ पैदा करने के लिए अवैध असलहे तक का भय दिखा रहे हैं। इसका प्रमाण तिलक राय के हाता पुलिस को मिला है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव स्थित एक चिह्नित घर में छापेमारी कर एक युवक को देशी कट्टा तथा दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मिथिलेश यादव ने पुलिस को बताया कि उसके पिता गंगा सागर यादव तथा दिनेश यादव तीनों मिलकर शराब का कारोबार करते है तथा जो विरोध करता है उसे कट्टा दिखा मुंह बंद करा देते है। युवक के इस बयान के बाद पुलिस उसके पिता गंगा सागर यादव तथा दिनेश की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। इसके लिए पुलिस सघन छापेमारी अभियान चला रही है। वहीं, मामले में आवश्यक पूछताछ के बाद मिथिलेश को जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो हाल के दिनों में बाइक व शराब के साथ एक कारोबारी पकड़ा गया था। उसने भी अपने गिरोह में इन लोगों के नाम बताए थे। इसी दौरान तिलक राय की हाता पुलिस केशोपुर में गश्ती अभियान चलाने गई तो ग्रामीणों ने सूचना दिया कि गंगा सागर यादव अपने घर में अवैध असलहे रखा तथा अक्सर इसे दिखा लोगों को धमकाता है। इस सूचना पर पुलिस ने वरीय पदाधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए उसके घर छापेमामरी किया। छापेमारी के दौरान मिथिलेश पुलिस को देखते ही भागने लगा था। लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने शामिल होने की बात बताई। पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो तकिया व गद्दा के नीचे से कट्टा तथा दो गोली बरामद हुआ। उसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाना लाई। ओपी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### हजरत मोहम्मद साहब की जयंती के मौके पर जलसे का हुआ आयोजन, शामिल हुए सैकड़ों लोग


जलसा में शामिल लोग

**डुमरांव।** इस्लाम के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब की जयंती के उपलक्ष्य में काफिला नूरे इस्लाम कमिटि द्वारा एक जलसे का आयोजन किया गया। यह जलसा वार्ड 23 स्थित तकिया मोहल्ला स्थित मदरसा फखरिया शमसुल उलूम के मैदान में सोमवार की शाम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता शाही जमा मस्जिद के इमाम जुल्फिकार राही ने व संचालन काजी अशहर आलम ने किया। मौलाना अशफाक रजा ने कहा कि आज ही के दिन मोहम्मद साहब दुनिया में आए तथा 63 वर्षों तक दुनिया को अमन व शांति का पाठ पठाया। उन्होंने कहा कि पैगंबर साहब ने पड़ोसी तथा लड़कियों को बराबरी का हक देने की बात कही थी। वे ऊंच नीच, गरीब अमीर आदि आधार पर किसी से भेदभाव के सख्त खिलाफ थे तथा उनका मानना था कि अल्लाह के सभी बंदे एक समान हैं। मौके पर काजी गुफरान, अब्दूल मजीद हाशमी, अलाउद्दीन, हफीज हाशमी, शौकत अली, बरकत अली, भोली हाशमी, अताउल्लाह, मुख्तार अंसारी, समीर हाशमी, शहनवाज अली, नेयाज अहमद, मो इम्तियाज, अन्नु, मंजूर, गुड्डु, नेहाल, जुनैद, अफजल समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

### नैनीजोर पुलिस ने बिशुपूर बाजार से सफेद बालू लदी ट्रैक्टर को किया जब्त, चालक फरार

**ब्रह्मपुर।** नैनीजोर पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिशुपुर बाजार से सफेद बालू लदी एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जबकि उसका तस्कर पुलिस को चकमा दे भागने में सफल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नैनीजोर पुलिस महुआर में गश्ती अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक ट्रैक्टर आती दिखाई दी, जिसपर सफेद बालू लदा था। पुलिस ने उक्त ट्रैक्टर को रूकने का इशारा किया तो उसका चालक स्पीड बढ़ा भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा कर विशुपुर बाजार के पास से पकड़ लिया। हालांकि, इस दौरान उसका चालक भाग निकला। थानाध्यक्ष मनोज पाठक ने इसकी पुष्टि की है। गौरतलब है कि लाल बालू की तरह ही दियारा क्षेत्र के बालू तस्करों के लिए सफेद बालू सोना साबित हो रहा है। सिमरी से लेकर ब्रह्मपुर प्रखंडों के दियारा क्षेत्र में हर दिन सफेद बालू की तस्करी हो रही है। कई जगहों पर स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल बालू लदी ट्रैक्टर जब्त करने के बाद पुलिस अब चालक के तलाश में जुट गई है।


पुलिस द्वारा जब्त की गई बालू लदी ट्रैक्टर

### नवानगर में टोंका फंसाकर बिजली चोरी करने वाले पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**केसठ।** नावानगर थाना क्षेत्र के इटौन्हा एवं डिहरी गांव में सोमवार को टोका फंसाकर बिजली चोरी करते केसठ जेई संदीप कुमार शुक्ला ने पांच लोगों को पकड़ा है। सभी पर जुमार्ना की राशि निर्धारित कर जेई ने सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए जेई संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि बिजली कंपनी डुमरांव के कर्मी के साथ इटौन्हां एवं डिहरी गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान इटौन्हां गांव से नंद जी सिंह 16028 रुपये तथा डिहरी गांव से स्वामी नाथ सिंह पर 7756 रुपये, प्रेम नाथ सिंह 7759 रुपये, राजेश कुमार सिंह 7759 रुपये एवं कामता सिंह 3618 रुपये जुमार्ना लगाते हुए बिजली चोरी में नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया है। कंपनी के इस कार्रवाई के बाद बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# घर के आसपास जलजमाव से डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ा

- नालियों की नियमित कराएं सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव अनिवार्य
- फ्रंट लाइन वर्कर्स के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

**केटी न्यूज/बक्सर**

लौटते मानसून के कारण जिले में लगातार बारिश हो रही है। जिसके कारण शहरी हो या ग्रामीण सभी जगहों पर जल जमाव की स्थिति बन गई है। लेकिन, जल जमाव के कारण एक और खतरा




मंडराने लगा है। वो है मच्छरों के पनपने का। जल जमाव के कारण मच्छरों के पनपने की गति में इजाफा हुआ है। जो मच्छर जनित रोगों को न्यौता दे रहा है। फिलवक्त जिले के लोग लोग मच्छरों के पनपने एवं काटने से परेशान और चिंतित हैं। क्योंकि मच्छरों के काटने के कारण डेंगू और मलेरिया जैसे रोग के होने की संभावना बढ़ गई है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग फ्रंटलाइन वर्कर्स के माध्यम लोगों को जागरूक करने में जुट गया है। फ्रंटलाइन वर्कर्स अपने संबंधित क्षेत्र में लोगों को मच्छरों से बचाव करने व सचेत रहने की सलाह दे रहे हैं। ताकि, लोग जागरूक हों। मच्छरों से होने वाली बीमारियों में मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, जापानी इन्सेफेलाइटिस, जीका वायरस, चिकनगुनिया आदि प्रमुख हैं। मच्छरों के काटने से सबसे अधिक मामले डेंगू व मलेरिया के ही आते हैं।

**मलेरिया बुखार के लक्षण:** जिला वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, मलेरिया एक प्रकार का बुखार है, जो प्लाजमोडियम नामक परजीवी से संक्रमित मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। इसमें कंपकपी के साथ 103 से लेकर 105 डिग्री तक बुखार होता और कुछ घंटों के बाद पसीने के साथ बुखार उतर भी जाता है, लेकिन निश्चित अंतराल पर आते-जाते रहता है। उन्होंने बताया कि फेलसीपेरम मलेरिया (दिमागी मलेरिया) की अवस्था में तेज बुखार होता है, जो दिमाग पर भी चढ़ जाता। इस दौरान फेफड़े में सूजन हो जाती है। पीलिया एवं गुर्दे की खराबी फेलसीपेरम मलेरिया की मुख्य पहचान है। जिसमें खून की कमी हो जाती है। मलेरिया बुखार होने पर पीड़ित व्यक्ति को अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल जाना चाहिए। खून की जांच में मलेरिया निकलने पर डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा लेनी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में इसकी निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

**सोते समय दिन में भी लगाएं मच्छरदानी :** डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, मलेरिया, डेंगू या अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचने के लिए दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ-सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रिज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखें और कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करें। गमला, फूलदान का पानी हर दूसरे दिन बदल दें। घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता जरूरी है।

सुविचार



भागवत गीता

धरती पर जिस प्रकार मौसम में बदलाव आता है, उसी प्रकार जीवन में भी सुख-दुख आता जाता रहता है।

बड़ी खबर दीपावली से पहले कुम्हारों के चाक ने पकडी रफ्तार

केशव टाइम्स
पुर्वांचल, 12 अक्टूबर 2022





website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## छोटी खबरें

### केबल लदे ट्रक में लगी आग से लाखों का नुकसान

**बलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एनएच-31 पर चांददियर के पास केबल लदे ट्रक में अचानक आग लग गयी। लोग जब तक कुछ समझ पाते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। मुख्य सड़क पर आग का गोला बने ट्रक को देखकर आवागमन भी ठप पड़ गया। खबर पाकर जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची ट्रक के साथ ही लाखों रुपये मुल्य का केबल जलकर नष्ट हो चुका था। सुखपुरा थाना क्षेत्र के बनरहीं निवासी भोला यादव की ट्रक गुजरात के सिलवास से केबल लादकर बिहार के रास्ते नेपाल जा रहा था। गाड़ी बैरिया-मांझी मार्ग से गुजर रही थी। इसी बीच इलाके के चांददियर के पास अचानक किसी प्रकार ट्रक में आग लग गयी। इसकी जानकारी होते ही चालक गाड़ी को रोकर खुद फरार हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले से अधिकारियों व फायर ब्रिगेड को अवगत कराया। अग्निशमन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही ट्रक की तेल टंकी तेज आवाज के साथ फट गयी। कुछ देर बाद पहुंचे फायर टैंकर की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

### छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

**बलिया।** विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर छात्रों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और अपनी मांगें रखी। छात्रों ने विश्वविद्यालय में अवैध वसूली की भी शिकायत की। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने और विवि की तमाम कमियों को दूर करने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि छात्रसंघ से निकले हुए लोग राज्यसभा से लेकर लोकसभा तक पहुंचे हैं।

# दीपावली से पहले कुम्हारों के चाक ने पकड़ी रफ्तार, प्रण करें- उन्हें देंगे खुशियों की सौगात

- त्योहार से पहले मिट्टी का दीयें बनाने में जुटे कुम्हार
- लोगों ने चाइनीज लाइट का विरोध करने के साथ मिट्टी के दीए जलाने का बनाया मन

**केटी न्यूज/बलिया**



दीपावली त्योहार को लेकर तैयारियां तेज हो गयी है। जिसको लेकर कुम्हारों के चाक गति पकड़ने लगी है। कुम्हार वर्ग में एक आशा और एक खुशी देखी जा रही है। कुम्हार के चाकों पर खुशी इसलिए है कि उन्हें उम्मीद है कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर लेकर लोग जागरूक हुए हैं। राष्ट्रहित में चाइनीज व समानों की खरीदारी नहीं करेंगे। बल्कि स्वदेशी निर्मित दीपों का उपयोग करेंगे। बताते चले कि दीपों का पर्व दीपावली पर मिट्टी का दिया जलाने की परंपरा काफी पुरानी है। रोशनी के इस महापर्व को दिपोत्सव का पर्व का कहते हैं। बड़े ही उल्लास के साथ दीपोत्सव त्यौहार मनाया जाता है। मकान की छत की मुंडेर पर कतार से सजी दीपों के मनमोहक श्रृंखला मन को काफी भाती है। ऐसा लगता है कि दीपक भी मुस्कुरा रहा है। जो यह संदेश दे रहा है, आओ दीप जलाओं कि अंधेरा भागे, दीप व दीपावली एक दूसरे के पर्याय है। जिन्हें एक दूसरे से अलग बिल्कुल नहीं पर पिछले कुछ वर्षों से दीपोत्सव के त्योहार में बदलाव आधुनिकता को आधी ने इस परंपरा को भी अब बदल कर रख दी है। बिजली की चकाचौंध रोशनी ने दीप व दीपावली के रिश्ते को कमजोर जरूर कर दिया है। दीपावली पर्व के अवसर पर घरों में दीप लगाए जाते थे। पर अब बिजली के झालरदार बल्ब जलाने का रिवाज चल पड़ा है। बिजली बत्ती की चकाचौध के आगे दीये दीप की लौ कमजोर पड़ गयी है। नयी पीढ़ी दीप दीये को अब बीते जमाने की बात कहने लगे थे। दीपावली के मौके पर मिट्टी के दीये जलाए जाते थे। लेकिन बिजली के मार्केट ने इस रिवाज को खत्म करने पर तुली है।

शहरी के साथ अब ग्रामीण इलाकों में भी देहात एलईडी लाइटों का रिवाज चल पड़ा है। जिस कारण बाजारों में सस्ती व सुविधाजनक फैंसी लाइटों का कब्जा हे गया है। लेकिन, इस बार लोगों में चाइनीज लाइटों का जमकर विरोध कर कुम्हारों द्वारा बनाये गए मिट्टी के दीप-दीए जलाने का मन बना लिया है। लोग बाग अभी से अपने घरों दुकानों व प्रतिष्ठानों की साफ सफाई में जुट चुके है। जबकि दीपावली के मौके पर होने वाले पूजा को लेकर मंदिरों में साज सज्जा का काम भी तेजी से हो रहा है। हालांकि पहले से अपेक्षा तेल के दाम बढ गये है। बावजूद इसके मिट्टी के दिया का क्रेज दीपावली में बहुत हद तक बरकरार है। हांलांकि देखा जाए तो कुम्हार भाई दीए व दीपावली के अन्य सामग्री बनाने में जितनी ताबड़तोड़ मेहनत करते है। उस परिश्रम के तुलना में वे लाभान्वित नहीं हो पाते है। कई कुम्हारों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में बेहतर मिट्टी की कीमत भी बढ़ गया है। उसके हिसाब से जो लाभ हम लोगों को प्राप्त होनी चाहिए। लेकिन वह नहीं मिल पाता है। बावजूद इसके हम अपने पुश्तैनी धंधा व दीपावली के परम्पराओं को निर्वाह का ध्यान रखते हुए पूरे मनोयोग से दीप बनाकर ग्राहकों को उपलब्ध करते है। बाजार के विभिन्न बाजारों में भी खरीदारी के लिए विशेष चहल पहल शुरू हो गयी है।

# सरकार ने जेपी के सर्वोदय से अंत्योदय को जोड़कर देश का किया विकास : अमित शाह

- लोकनायक जेपी की 120वीं जयंती पर गृहमंत्री अमित शाह ने जनसभा को किया सम्बोधित
- जेपी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट परिसर में जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का किया लोकार्पण

**केटी न्यूज/बलिया**



मंच पर जनता का अभिवादन करते गृहमंत्री, मुख्यमंत्री व अन्य



कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते एसपी व अन्य



गृहमंत्री का स्वागत करते सीएम योगी

लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर बिहार के हिस्से वाले उनके पैतृक गांव सिताबदियारा में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने जेपी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट परिसर में जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। इस दौरान जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यूपी और बिहार की मिलन स्थान पर जेपी का जन्म हुआ था। जयप्रकाश नारायण का जीवन विशिष्ट रहा है। आजादी के लिए क्रांति के रास्ते भी लड़े। गांधी जी के बताए रास्ते पर भी चले। पूरा जीवन भूमिहीनों और दलितों-पिछड़ों के लिए गुजारा। जेपी का सबसे बड़ा योगदान सत्तर के दशक में देश में आपातकाल डाला गया तो उन्होंने आंदोलन किया। तब जेल भी गए।

गृह मंत्री ने कहा कि वो गुजरात से आते हैं, जहां से इंदिरा गांधी के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन का नेतृत्व जेपी ने किया। आपातकाल हटा तो विपक्ष को जेपी ने संगठित और एक किया। जेपी ने यह दिखाया कि परिवर्तन कैसे किया जाता है। देश में मोदी के नेतृत्व में सरकार चल रही है। वह आठ साल से जेपी के सर्वोदय के नारे को अंत्योदय के साथ जोड़कर देश का विकास किया। गरीब कल्याण की नई परम्परा जोड़ी है। ढाई साल तक हर गरीब को फ्री राशन देना हो या बिजली देना हो, मोदी जी ने दिया। हर गांव सड़क से जुड़ा। गृहमंत्री ने कहा कि एक नारा सुना था, "अंधेरे में एक प्रकाश, जयप्रकाश-जयप्रकाश"। सम्पूर्ण क्रांति के नारे को मोदी ने सफल किया है। 1974 में जब जेपी ने बिहार में आंदोलन किया, तब सारी विचार धाराओं के छात्र एकत्रित हुए थे, जो जेपी का नाम लेकर जेपी आंदोलन से उपजे नेता आज सत्ता से चिपके हुए हैं, उनसे सहमत हैं क्या, इस पर लोगों ने ना में सिर हिलाया। बिहार के लोगों को तय करना होगा कि जेपी के रास्ते पर चलने वाली मोदी सरकार चाहिए कि सत्ता के लिए गठजोड़ कर सत्ता हथियाने वाले लोग चाहिए।

जयप्रकाश नारायण स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह मस्त, संजय जायसवाल, नित्यानन्द राय, केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, राधामोहन सिंह, सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, सुशील मोदी, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, नीरज शेखर, यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विनय कुमार व हरीश द्विवेदी आदि थे।

### गंगा-सरयू के इस संगम स्थल का होगा समग्र विकास : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी



लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी

**बलिया ।** जेपी जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उनके पैतृक गांव सिताबदियारा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मां गंगा और मां सरयू का आशीर्वाद इस क्षेत्र को प्राप्त है। यहां प्रतिवर्ष बाढ़ के बावजूद इस भूमि में पैदा हुए लोगों में जो जुझारूपन दिखता है। वह अलग ही दिखता है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में चले आंदोलन में देश के साथ पूरे बिहार ने हिस्सा लिया। लेकिन सरकार से बाहर रह कर के जिन महापुरुषों ने स्वतन्त्र भारत में अपने चिंतन से आगे बढ़ाया, उनमें जेपी अग्रणी थे। लोकतंत्र को कुचलने का जब कार्य हुआ तो बिहार कैसे शांत रह सकता था। सबसे पहले बलिया की आजादी का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र के प्रति जितना सजग बिहार है, वह अभूतपूर्व है। देश की आजादी के बाद सबसे बड़ा आंदोलन जेपी ने किया। मोदी सरकार जेपी के सपने को साकार कर रही है। उज्ज्वला योजना का हवाला देते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में समाज के हर तबके के हितों के लिए बिना भेदभाव के कार्य हो रहा है। 135 करोड़ लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य जेपी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और लोहिया के आदर्शों पर चल कर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने घोषणा किया कि जेपी की जन्मस्थली के बाद यूपी के बलिया के हिस्से में बाढ़ से सदैव के लिए मुक्त किया जाएगा। नदियों को चैनलाइज कर जल यातायात को आगे बढ़ाया जा रहा है। शीघ्र ही यहां गंगा और सरयू के संगम स्थल पर उत्तर प्रदेश सरकार समग्र विकास करेगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी तिवारी, नित्यानंद राय, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर सुशील मोदी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### नगर निकाय चुनाव के लिए निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण को लेकर डीएम ने की समीक्षा

**गाजीपुर।** कचहरी स्थित जिला पंचायत सभागार में डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में नगर निकायों के निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इसमें मतदान स्थल पर बीएलओ की नियुक्ति, मतदाता सूची का ड्राफ्ट पूर्ण करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। वहीं एमपी सिंह ने बीएलओ की ओर से किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि नगर निकायों के निर्वाचन नामावली सहित अन्य बिंदुओं पर कार्य पूर्ण कर लिया जाय। उन्होने मतदान स्थल पर बीएलओ की नियुक्ति, आयोग की वेबसाईट पर बीएलओ का पता फीडिंग करने, मतदाता सूची में अभी तक कितने मतदाता है, इस सूची का ड्राफ्ट पूर्ण करने व कितने ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का कार्य में कितना शेष है। इसकी जानकारी ली। वहीं सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अरूण कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित आदि मौजूद रहे।

### सीसीटीवी की निगरानी में 15 एवं 16 को होगी कर्मचारियों की भर्ती की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा

**गाजीपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से शासन के विभिन्न विभागों में समूह - ग के कर्मचारियों की भर्ती के प्रारंभिक अर्हता परीक्षा कराने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। परीक्षा 15 एवं 16 अक्टूबर को करायी जाएगी। परीक्षा को नकलविहीन कराने को लेकर जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाये गये है। इसमें दो पालियों में दो दिन परीक्षा करायी जाएगी। इसमें एक पाली में 8880 परीक्षार्थी शामिल होगी। परीक्षा में कुल 35 हजार 520 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पीईटी परीक्षा कराने को लेकर विभाग की ओर से दो जोनल मजिस्ट्रेट, पांच सेक्टर मजिस्ट्रेट, 46 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 16 केंद्र व्यवस्थापक, 46 सह केंद्र व्यवस्थापक व 46 केंद्र प्रभारी एजेंसी की ओर से तैनाती की गयी है। परीक्षा पहली पाली में सुबह 10:00 बजे 12:00 बजे तक व दूसरी पाली में अपराह्न 03:00 बजे शाम 05:00 बजे तक करायी जाएगी। इसके लिए 16 केंद्र बनाए गये है। जिसमें राजकीय सिटी इंटर कालेज, डीएवी इंटर कालेज, जवाहर नवोदय विद्यालय, आदर्श इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, एमएएच इंटर कालेज तथा लूर्द्स कांवेंट बालिका इंटर कालेज को केंद्र बनाया गया है। वहीं पीजी कालेज में ब्लाक ए एवं ब्लाक बी, राजकीय महिला पीजी कालेज, श्रीकृष्ण इंटर कालेज डेढ़गांवा, रामसूरत सिंह इंटर कालेज ताड़ीघाट, श्री शिवकुमार शास्त्री इंटर कालेज जंगीपुर, स्वामी सहजानंद पीजी कालेज ब्लाक ए एवं ब्लाक बी तथा इंटर कालेज खालिसपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा उसे सकुशल संपन्न कराने के लिए विभाग की तरफ से तैयारी शुरू कर दी गई है। केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा शुरू होने से पूर्व सभी कक्षों को निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोकनाथ तिवारी ने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपंन कराने को लेकर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गयी है। परीक्षा सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में करायी जाएगी।

# बेल्थरा रोड क्षेत्र में सरयू नदी खतरे के निशान के पार, इलाके में दहशत

**केटी न्यूज/ बलिया**



बलिया जिले के बेल्थरा रोड क्षेत्र में सरयू (घाघरा) नदी खतरे का निशान पार कर गई है। इस सीजन में नदी के चौथी बार तल्ख तेवर से तटवर्ती इलाकों के लोगों की नींद उड़ गई है। नदी के अप्रत्याशित परिवर्तन से लोगों में डर का माहौल है। नदी वर्तमान समय में लाल निशान से ऊपर बह रही है। पिछले दो दिनों से नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि का सिलसिला जारी है। घाघरा नदी के जलस्तर में वृद्धि के चलते एक बार फिर तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। नदी के किनारे बसे गांवों के लोग बाढ़ की आशंका को लेकर सशंकित हैं। टंगुनिया, तुतीपार, गुलौरा, हाहानाला राजभर बस्ती आदि तटवर्ती गांव के बस्तियों तक नदी के पानी के पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। नदी प्रति घंटा 2-2 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रही है। जलस्तर 64.650 मीटर रिकार्ड किया गया, जो खतरे के निशान 64.010 मीटर से 64 सेंटी मीटर ऊपर है। इसी तरह जलस्तर में वृद्धि का क्रम जारी रहा तो बाढ़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। जलस्तर यदि तटवर्ती क्षेत्रों तक पहुंचा तो तबाही मचा सकता है। चौनपुर गुलौरा क्षेत्र में बने ठोकरों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

## बलिया-छपरा रेल खंड पर एक सप्ताह निरस्त रहेंगी चार सवारी रेलगाड़ियां

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया-छपरा रेल खंड पर करीब एक सप्ताह तक दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेल प्रशासन ने चार सवारी गाड़ियों का परिचालन निरस्त करने तथा करीब 21 को नियंत्रित कर चलाने का निर्णय लिया है ।पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन यार्ड के रिमाडलिंग योजना के तहत प्री नॉन व नॉन इंटरलॉक कार्य हो रहा है। ऐसे में वाराणसी सिटी से 13 से 20 अक्तूबर तक प्रस्थान करने वाली 05446 वाराणसी सिटी-छपरा, छपरा से 13 से 20 अक्तूबर ाक प्रस्थान करने वाली 05445 छपरा-वाराणसी सिटी, औड़िहार से 13 से 20 अक्तूबर तक प्रस्थान करने वाली 05136 औड़िहार-छपरा तथा छपरा से 14 से 20 अक्तूबर तक प्रस्थान करने वाली 05135 छपरा-औड़िहार अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी ।उन्होंने बताया है कि बरौनी से 11 एवं 12 अक्तूबर को चलने वाली 15231 बरौनी-गोदिंया एक्सप्रेस छपरा कचहरी-बकुल्हां स्टेशनों के बीच 60 मिनट, 13 अक्तूबर को 90 मिनट, 14 से 19 अक्तूबर तक 70 मिनट तथा 20 अक्तूबर को 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी ।

## फोटो ऑफ द डे



उप्र के बलिया जनपद के सैंड आर्टिस्ट रूपेश सिंह ने रेत से लोकनायक जयप्रकाश नारायण,अमित शाह और योगी आदित्यनाथ नाथ की आकृति तैयार की। यह लोगों के बीच में आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# बेबाकी से अपनी बात रखने वाले उमाशंकर चौधरी सच्चे अर्थो में सामाजिक संत थे

- जिले के फेफना में मनाई गई उमाशंकर चौधरी की प्रथम पुण्यतिथि
- 'वर्तमान परिवेश में पत्रकारों के समक्ष चुनौती' विषयक विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**केटी न्यूज/बलिया(फेफना)**



फोटो : कार्यक्रम में शामिल लोग

उमाशंकर चौधरी पक्ष के पहाड़ थे। पत्रकारिता का क्षेत्र रहा हो या राजनीति का, उन्होंने पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। अपने वसूलो एवं सिद्धांतो से कभी समझौता नहीं किया। उक्त बातें ग्रामीण पत्रकार एसोसिशन जनपद इकाई बलिया के तत्वावधान में मंगलवार को फेफना स्थित गोकुल मैरेज हाल में प्रदेश कोषाध्यक्ष उमाशंकर चौधरी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित 'वर्तमान परिवेश में पत्रकारों के समक्ष चुनौती' विषयक विचार गोष्ठी में प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने व्यक्त किया। कहा की बिना किसी दबाव के बेबाकी से अपनी बात रखने वाले उमाशंकर चौधरी सच्चे अर्थो में सामाजिक संत थे। ग्रापए की स्थापना के समय स्व. चौधरी ने बाबू बालेश्वर लाल के साथ धूप-छांव व बरसात की परवाह किये बगैर काम किया। परिणाम स्वरूप आज यह संगठन वट वृक्ष के रूप में दिखाई दे रहा है। अन्य वक्ताओं ने उमाशंकर चौधरी की यादों से जुड़े कई संस्मरण सुनाये। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत स्व. चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान प्रदेश, जनपदीय व तहसील पदाधिकारियों, गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राम नरेश चौहान, वीर प्रताप सिंह, सौरव कुमार त्रिपाठी, रणजीत मिश्रा, चेयरमैन केशरी नंदन त्रिपाठी, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, श्रवण कुमार द्विवेदी, महेंद्र नाथ सिंह, डॉ. जनार्दन राय, विजय विनीत, अमरजीत, डॉ. विनय सिह, अजय भाटिया, हौसला प्रसाद त्रिपाठी, सुधाकर मिश्र, देवेंद्र नाथ मिश्र, आनंद सिह, अनुराग जायसवाल, बृजभूषण उपाध्याय, संतोष सिंह, त्रिलोकी नाथ पांडेय, कमलेश पांडेय, पुष्पेंद्र तिवारी सिंधु, श्याम जी, मंजय सिह, अरविन्द तिवारी, बसंत पांडेय, शशिकांत ओझा, नवीन गुप्ता, किसान मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन छोटेलाल चौधरी ने किया। सभी आगत अतिथियों का आभार जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा ने प्रकट किया।

**अधूरी खबर चलाने से बचे पत्रकार बंधु :** विचार गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार सरकार के पक्ष में सच्चाई मिलता है तो उसे सरकारी पत्रकार या सरकार का चमचा बोल बोला जाता है। वहीं, यह वह इसके विपरीत शासन और प्रशासन के विरुद्ध समाचार लिखता है तो उसे कहीं ना कहीं पर कोप भाजन बनना पड़ता है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया सदैव अधिक विश्वसनीय रहा है। आज के दौर में ब्रेकिंग की होड़ चल रही है। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु खबरों को चलाने की जल्दी में उसकी सच्चाई की तह तक जाने की जहमत नहीं समझते हैं और वह जल्द से जल्द न्यूज प्रसारण करने के लिए कभी-कभी अधूरी खबर भी चला देते हैं, इससे उनको बचना चाहिए।

## गैंगस्टर एक्ट में मुख्तार अंसारी के शर्गिद भीम सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम/एमपीएमएलए कोर्ट में मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर केस में सुनवाई हुई। विशेष जज रामसुध सिंह की अदालत में 1996 के गैंगेस्टर के मुकदमे में मुख्तार अंसारी के विरुद्ध विचारण में सोमवार आरोपीगण के बयान के लिए तिथि नियत थी लेकिन भीम सिंह के नही आने के कारण कार्यवाही नही हो सकी। मुख्तार अंसारी वर्चुअली पेश हुए लेकिन न्यायालय ने भीम सिंह नहीं होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्टने भीम सिंह के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए 12 अक्टूबर की तिथि नियत की गई है। गाजीपुर सदर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर केस की सुनवाई जिला सत्र न्यायालय में बनी विशेष एमपी/एमएलए कोर्ट में हुई। मुख्तार को बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जोड़ा गया लेकिन उनके सह अपराधी भीम सिंह की पेशी नहीं हो सकी। भीम सिंह के वकील ने न्यायालय में गैर हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिसे न्यायालय ने निरस्त कर दिया। इसके बाद एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया। कोर्ट के विशेष जज रामसुध सिंह की अदालत में बुधवार को सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज कुमार श्रीवास्तव ने गैंगस्टर केस में मुख्तार पर चार्ज बनाने के लिए दलीलें पेश की।